# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

▶ 10-15 दिनों में सड़क-पानी की समस्याओं के समाधान का आश्वासन



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 7 सितंबर. वार्ड नंबर 17 में सड़क, नाली और पानी की मूलभूत समस्याओं को लेकर भूख हड़ताल और चक्काजाम आंदोलन कर रहे कांग्रेसियों और स्थानीय नागरिकों को प्रशासन की ओर से राहत मिली है.**

मौके पर पहुंचे तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े और नगरीय प्रशासन की कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी ने प्रदर्शनकारियों को लिखित रूप से आश्वासन दिया है कि आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर वार्ड की सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा, साथ ही रुकी हुई सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा. प्रदर्शन के दौरान वार्ड की महिला नागरिकों ने अपना आक्रोश और पीड़ा खुलकर व्यक्त की. स्थानीय निवासी ज्योति केवट, ज्योति तिवारी और सुमन ने मीडिया को बताया कि वार्ड में पानी का भारी संकट है और नालियों की स्थिति भी बदहाल है,

जिसके कारण आए दिन मोहल्ले में विवाद होते हैं. महिलाओं ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान उन्हें पानी के लिए भारी संघर्ष करना पड़ा और टैंकरों के भरोसे अपना गुजारा करना पड़ा. नागरिकों ने बताया कि पाइपलाइन जोडने और मोटर की समस्या का लंबे समय से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें अपना कामकाज छोड़कर पानी के लिए परेशान होना पड़ता है. इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बताया कि वार्ड की इन्ही गंभीर समस्याओं को लेकर स्थानीय पार्षद मीना साहू भूख हड़ताल पर बैठी थीं, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया. तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने स्पष्ट किया कि संबंधित ठेकेदार और नगर पालिका के अधिकारियों (जल कार्य विभाग) से बात कर 10 दिनों के भीतर सड़क और पानी की समस्या के निराकरण के निर्देश दे दिए गए हैं. वहीं, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 8-10 दिनों में सड़क निर्माण और पानी की समस्या का स्थायी समाधान शुरू नहीं हुआ, तो वे जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के घर के बाहर धरना देंगे. इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल, गौरव चौधरी, सौम्या तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद थे.

# 37 शिक्षकों को किया सम्मानित




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 7 सितंबर. प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने साई कृष्णा रिजॉर्ट में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया. शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 37 शिक्षकों को सम्मानित कर उनके समर्पण को सराहा गया. कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई.**

इसके पश्चात कुसुम मालपानी स्कूल की छात्राओं ने हे गिरी नंदनी स्तोत्र का सुमधुर गायन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जामय बना दिया. मंचासीन अतिथियों नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे और पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक

महतो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

एसोसिएशन के अध्यक्ष नटवर पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का वह शिल्पकार है, जो बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है. संस्था के संस्थापक एवं पत्रकार शिव भारद्वाज ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को संस्कारवान और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं, जिसका पूरा श्रेय हमारे मेहनती शिक्षकों को जाता है. संरक्षक दीपक हरिनारायण अग्रवाल ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि तकनीकी युग में भी एक शिक्षक के मार्गदर्शन का कोई विकल्प नहीं हो सकता. मुख्य अतिथि पंकज और राहुल चौरे ने भी संबोधित कर शिक्षकों की मेहनत को नमन करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा और संस्कार का

उजियारा फैलाने वाले शिक्षकों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय है. इस वर्ष से संगठन ने एक बेहद सराहनीय पहल करते हुए ×स39;श्री राधाकृष्णन अवार्ड' की शुरुआत की है. यह नया अवार्ड संगठन के पूर्व सहसचिव स्वर्गीय मनोज पटेल की पावन स्मृति में प्रारंभ किया.

## एक नजर में

### हिंदी साहित्य परिषद की बैठक 20 को होगी

**पिपरिया, 7 सितंबर .** हिंदी साहित्य परिषद पिपरिया की महत्वपूर्ण बैठक डॉ . आरके शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुई .बैठक में परिषद के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और आयोजन को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई .परिषद सचिव अरविंद ठाकुर ने बताया कि संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव के यहां मातृ शोक होने के कारण परिषद का स्थापना दिवस एवं हिंदी दिवस कार्यक्रम अब 14 सितंबर के बजाय 20 सितंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा .उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी कार्यक्रम गरिमापूर्ण और साहित्यिक गतिविधियों से भरपूर रहेगा .मीडिया प्रभारी मनोज रावत ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजेंद्र गट्टानी, प्रसिद्ध व्यंग्यकार एवं पुलिस विभाग के आईजी मलय जैन तथा प्रसिद्ध व्यंग्य कवि स्व. मणिक वर्मा के सुपुत्र और विदुषी साधना स्थापक की उपस्थिति की स्वीकृति मिल चुकी है .बुंदेली कवि विनोद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल की गरिमामय उपस्थिति रहेगी .कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए दूरदर्शन के पूर्व निदेशक एवं समाजसेवी कमर अहमद तथा दीक्षा व्यास से भी अनुमति प्राप्त कर ली गई है .बैठक में बताया गया कि आयोजन में साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी .परिषद पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता की अपील की . आगामी आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियां भी तय की गईं .परिषद का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार के साथ साहित्यकारों एवं रचनाकारों को एक मंच उपलब्ध कराना है .स्थापना दिवस और हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है .

### 4 .16 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पिपरिया, 7 सितंबर** स्टेशन रोड पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 .16 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है .जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है .पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजा सिलावट नाम का व्यक्ति शिव हनुमान मंदिर के पास स्मैक बेचने आने वाला है .सूचना की पुष्टि के बाद सहायक उपनिरीक्षक रेखा मुनिया, आरक्षक अजय चौहान और डीएसबी आरक्षक प्रभाकर को मौके पर भेजा गया .पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा .तलाशी के दौरान उसके पास से 4 .16 ग्राम स्मैक बरामद हुई .थाना प्रभारी मदन पवार के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजा सिलावट ( 36 ), पिता हरनाम सिलावट, निवासी पिपरिया के रूप में हुई है .पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है .

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर-नकदी ले गए चोर

**पिपरिया, 7 सितंबर .** इतवारा बाजार स्थित जयप्रकाश वार्ड में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले गए .परिवार के शनिवार शाम करीब 5 बजे घर लौटने पर वारदात का पता चला .मकान मालिक मनीष कुमार ने तत्काल डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी .उन्होंने बताया कि परिवार के साथ बाहर जाते समय घर में ताला लगाया था .लौटने पर मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था .चोरों ने मकान की तलाशी लेने के साथ गोदरेज भी खोल दिया .मनीष कुमार के अनुसार, चोर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रुपए नकद ले गए हैं .उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि उनके बाजू में स्थित उनके भाई का मकान मंगलवार से बंद है .भाई के वापस लौटने के बाद ही वहां चोरी हुई है या नहीं, इसका पता चल सकेगा .सूचना मिलने पर डायल-112 और स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची .पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की .थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि फरियादी की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है .पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है .फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है .पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है .

# इटारसी की प्राची जोशी का राज्य तीरंदाजी अकादमी में चयन



**इटारसी, 7 सितंबर. आर्चरी नोडल खेल विद्यालय पुरानी इटारसी की होनहार तीरंदाज प्राची जोशी पिता धर्मेन्द्र जोशी का चयन मध्य प्रदेश राज्य तीरंदाजी प्रशिक्षण अकादमी, जबलपुर के लिए हुआ है. प्राची का यह चयन प्रदेशव्यापी 'आर्चरी टैलेंट सर्च' में उनके उच्च स्कोर और उत्कृष्ट शारीरिक दक्षता के आधार पर किया गया है.**

इस शानदार उपलब्धि से इटारसी सहित पूरे नर्मदापुरम जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है. अब प्राची जबलपुर अकादमी में विशेषज्ञों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी. प्राची की यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवा तीरंदाजों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है. प्राची के चयन पर जिला खेल अधिकारी (शिक्षा विभाग) वंदना रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विकास खराड़कर और शासकीय कन्या उमा विद्यालय पुरानी इटारसी की प्राचार्य श्रीमती सपना गिरधारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है. इसके साथ ही अश्वनी मालवीय, बख्तावर खान, अर्पण दुबे, विनोद दुबे, महेंद्र पचलानिया, अनुशिखा दीक्षित एवं गीतांजलि मेहरा ने उन्हें बधाई दी.

# 70 आचार्य-दीदियों का सम्मान

▶ पूर्व छात्रों ने गुरुओं के प्रति जताई कृतज्ञता



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 7 सितंबर. इटारसी. गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का ऐसा अवसर, जहां करीब दो दशक पहले विद्यालय से निकले शिष्य फिर उसी परिसर में अपने गुरुजनों के सामने खड़े नजर आए.**

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्रों द्वारा लगातार सातवें वर्ष 'आचार्य दीदी सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया. समारोह में 20 से 25 वर्ष पूर्व विद्यालय में पढ़ चुके पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन में शिक्षा और संस्कारों का बीजारोपण करने वाले आचार्य-दीदियों का सम्मान किया.

वर्तमान में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों के साथ सेवानिवृत्त और पूर्व शिक्षकों सहित करीब 70 आचार्य-दीदियों का सम्मान किया गया. आजीवन शिक्षण एवं संस्कार रोपण के लिए 'आचार्य गौरव सम्मान 2025' प्रदान किए गए. स्वर्गीय नरेंद्र कुमार दुबे की स्मृति में पूर्व छात्र अवनीन्द्र दुबे द्वारा स्थापित विशेष सम्मान से विद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य सुधा वाजपेयी दीदी को सम्मानित किया गया. वहीं घूमर इवेंट्स की ओर से पूर्व छात्र स्वरूप सिंह राजपूत ने सुनीता जैन दीदी को आचार्य गौरव सम्मान प्रदान किया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा और गुरुनानक स्कूल की प्राचार्य संगीता दुबे रहीं.

# केसला में दो दिवसीय बैठक का समापन

**इटारसी, 7 सितंबर.** होशंगाबाद जिला के केसला आदिवासी विकासखंड अंतर्गत राज नारायण स्मृति भवन (संगठन कार्यालय) केसला में मध्यांचल क्षेत्र अंतर्गत मध्यप्रदेश के 6 जिला से विभिन्न 17 संगठनों के प्रतिनिधियों के द्वारा दो दिवसीय बैठक 6 एवं 7 सितंबर को आयोजित की गई. जिसमें संघर्षों से जुड़े ज्वलंत मुद्दे जैसे, विस्थापन, पुनर्वास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ ही किसान, मजदूरों की समस्या व जल जंगल जमीन को लेकर सभी एकजुट होकर संयुक्त रूप से इन मुद्दों पर एक जुट होकर संवैधानिक तरीके से (पैरवी) लड़ाई करने की आवश्यकता है. धरातल पर भी व सड़कों पर भी.

# विहिप स्थापना दिवस पर गूंजा संस्कृति का संदेश

▶ 62वें स्थापना दिवस पर इटारसी में हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 7 सितंबर. विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर प्रखंड इटारसी के न्यास कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन, सनातन संस्कृति और हिंदू समाज की एकता का संदेश दिया गया.**

संगठन की रीति-नीति के अनुसार प्रारंभ हुए कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान मुख्य वक्ता रहे. उन्होंने विहिप की स्थापना से लेकर संगठन के संघर्षों और उपलब्धियों तक की जानकारी देते हुए सनातन समाज से संगठित और जागरूक रहने का आह्वान किया. जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसके मानबिंदु, परंपरा और एकता में है. उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का प्रमुख उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करना और सनातन संस्कृति की रक्षा के साथ समाज जागरण करना है.

विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. सुभाष दुबे ने परिषद के स्थापना दिवस से जुड़े इतिहास पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में जिला विधि प्रमुख अनिल शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष अरुण गालर, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप यदुवंशी उपस्थित थे.

# जिला अस्पताल में आज लगेगा विशेष शिविर

**हरदा, 7 सितंबर.** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर को जिला चिकित्सालय में विशेष फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया जाएगा.इस वर्ष दिवस की थीम 'हृदयाघात एवं मस्तिष्क आघात' रखी गई है.शिविर में हृदयाघात एवं मस्तिष्क आघात से प्रभावित मरीजों के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा.मरीजों की शारीरिक क्षमता में सुधार, मांसपेशियों को मजबूत बनाने और दैनिक गतिविधियों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी.

# संगठित हिंदू समाज के निर्माण का लक्ष्य : राठौर




नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 7 सितंबर. विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिवनी मालवा की दो पीपल बाबा कॉलोनी स्थित मां खेड़ापति मंदिर परिसर में नगर समिति के वीर शिवाजी खंड का स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में विहिप प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी एवं जिला पंचायत सदस्य मधु धुर्वे प्रमुख रूप से मौजूद रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना और संगठन की रीति-पद्धति के अनुसार किया गया. मुख्य वक्ता शिव राठौर ने विहिप के स्थापना दिवस और संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने, जीवन मूल्यों एवं संस्कृति की रक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के संकल्प के साथ विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी.उन्होंने कहा कि 'संगठन से शक्ति और संस्कार से संस्कृति' के भाव के साथ विभिन्न परंपराओं, भाषाओं और क्षेत्रों में रहने वाले हिंदू समाज को एक सूत्र में जोड़ना आवश्यक है. जिला पंचायत सदस्य मधु धुर्वे ने कहा कि विहिप ने हिंदू समाज को संगठित करने और समाज के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए संघर्ष करने का कार्य किया है.उन्होंने सभी से संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहने का आह्वान किया.शिव राठौर ने जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर समरस एवं संगठित समाज के निर्माण का संकल्प लेने की बात कही.कार्यक्रम का संचालन दुर्गावाहिनी नगर संयोजिका रिंकी नाथ ने किया और आभार नरेंद्र यदुवंशी ने व्यक्त किया.

# फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला अस्पताल में लगेगा कैंप

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला अस्पताल में आज लगेगा कैंप

▶ हृदयाघात और मस्तिष्क आघात के बाद पुनर्वास के साथ स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया जाएगा जागरूक

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 7 सितंबर.**विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर को जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जाएगा.स्वास्थ्य एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में फिजियोथेरेपी के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी जाएगी.


लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में चिकित्सालय स्तर पर फिजियोथेरेपी कैंप आयोजित किए जा रहे हैं.इस वर्ष विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की थीम 'हृदयाघात एवं मस्तिष्क आघात' रखी गई है.

फिजियोथेरेपी हृदयाघात और मस्तिष्क आघात के बाद मरीजों के शारीरिक पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.इसके माध्यम से मरीजों की शारीरिक क्षमता को बेहतर करने, रक्त संचार सुचारू रखने और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद मिलती है.साथ ही सांस फूलने की समस्या, दर्द और मांसपेशियों में जकड़न से राहत दिलाने में भी फिजियोथेरेपी उपयोगी होती है.नियमित फिजियोथेरेपी से मरीजों में आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायता मिलती है.

कैंप के दौरान नागरिकों को फिजियोथेरेपी की उपयोगिता के साथ नियमित शारीरिक गतिविधि, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा.स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने के साथ मरीजों को बीमारी के बाद सामान्य जीवन की ओर लौटने में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है.

**बैठक** ▶ कलेक्टर ने कहा-पंचायत स्तर पर करों की वसूली में प्रगति सुनिश्चित की जाए

# गौवंश शिफ्टिंग की रोज होगी मॉनिटरिंग, जर्जर भवन तत्काल गिराएं



नवभारत न्यूज

**हरदा, 7 सितंबर.जिले से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर निराश्रित गौवंश की समस्या को लेकर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अधिकारियों को गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करने की प्रक्रिया की प्रतिदिन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं.**

सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन गौशालाओं में शिफ्ट किए गए गौवंश की संख्या की जानकारी भी प्रस्तुत करनी होगी.उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने जिले में जर्जर भवनों की स्थिति की भी समीक्षा की.उन्होंने कहा कि ऐसे भवनों से हादसे की आशंका बनी रहती है, इसलिए जर्जर भवनों को चिह्नित कर उन्हें तत्काल गिराने की कार्रवाई की जाए.उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए.

बैठक में ग्राम पंचायतों में जलकर, स्वच्छता कर एवं संपत्ति कर की वसूली की प्रगति की समीक्षा भी की गई.कलेक्टर ने कहा कि पंचायत स्तर पर करों की वसूली में बेहतर प्रगति सुनिश्चित की जाए.इसके अलावा जन विश्वास अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी आवेदनों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए.

बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन के लिए आयोजित होने वाले शिविरों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई.इस दौरान अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, अनुपमा चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

# कृष्ण जन्म पर गूंजा नंद के आनंद भयो



**सिवनी मालवा, 7 सितंबर. बानापुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के नाम रहा. कथा पंडाल में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालुओं की भक्ति देखते ही बन रही थी. 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा.**

भक्तों ने भजन-कीर्तन पर जमकर नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाईं. महिला और पुरुष श्रद्धालु हाथों में हाथ डालकर भक्ति में झूमते नजर आए. कथा स्थल पर कुछ देर के लिए ऐसा वातावरण बना, मानो नंदगांव में ही कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा हो. कथा वाचक पंडित विद्याधर शर्मा ने चतुर्थ दिवस श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया. उन्होंने भगवान नारायण के वामन अवतार, भगवान श्रीराम और हनुमान जी के चरित्र, श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता तथा भगवान शिव-पार्वती से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि भगवान शिव और भगवान विष्णु दोनों ही अविनाशी हैं. इसलिए मनुष्य को भगवान शिव की आराधना के साथ नारायण की भक्ति भी करनी चाहिए. पंडितने कहा कि दुनिया की भौतिक संपत्ति मनुष्य के साथ नहीं जाती. वास्तविक धन वही है, जो जीवन को प्रभु भक्ति से समृद्ध करे. राम नाम की दौलत ऐसी आध्यात्मिक कमाई है, जिसका लाभ जीवनभर मिलता है. उन्होंने श्रद्धालुओं से संतों की शरण में जाने और प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया. कथा के दौरान उन्होंने बेटियों को विवाह के बाद ससुराल में प्रेम, सम्मान और संस्कार के साथ रहने की सीख भी दी. भावपूर्ण भजन के माध्यम से बेटी की विदाई और नए परिवार के प्रति उसके दायित्वों को सामने रखा. उन्होंने कहा कि बेटी ससुर को पिता और सास को माता का सम्मान देकर अपने व्यवहार से परिवार की प्रतिष्ठा बनाए.